प्रेस हेतु सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 85/2019)

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

नई दिल्ली, 1 अक्टूबर, 2019

तुरंत जारी करने हेतु

वेबसाइटः **www.trai.gov.in**

''30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए ''भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट''

आज भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए ''भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादन संकेतक रिपोर्ट'' जारी की है। यह रिपोर्ट दूरसंचार सेवाओं का एक व्यापक परिदृश्य उपलब्ध कराती है तथा 1 अप्रिल, 2019 से 30 जून, 2019 की अवधि के लिए भारत में दूरसंचार सेवाओं के साथ–साथ केबल टेलीविजन, डीटीएच तथा रेडियो प्रसारण सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण मानदण्ड तथा विकास के रूझानों को प्रस्तुत करती है। इसे सेवा प्रदाताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर संकलित किया गया है।

उक्त रिपोर्ट का कार्यकारी सारांश यहॉ संलग्न है। संपूर्ण रिपोर्ट भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण की वेबसाईट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। इस रिपोर्ट से संबंधित किसी भी सुझाव या स्पष्टीकरण के लिए अधोहस्ताक्षरी (श्री अमित शर्मा, सलाहकार (एफएण्डईए), भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण, नई दिल्ली) से दूरभाष–011–23664433 एवं ई–मेल: advfea2@trai.gov.in पर संपर्क किया जा सकता है।

जारी करने के लिए प्राधिकृत

(अमित शर्मा)
सलाहकार (एफएण्डईए)

भारतीय दूरसंचार सेवा निष्पादक संकेतक रिपोर्ट
अप्रिल से जून, 2019

कार्यकारी सारांश

1. देश में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2019 के अंत में 1,183.51 मिलियन से बढ़कर जून, 2019 के अंत में 1,186.63 मिलियन हो गई, जिसमें पिछली तिमाही की तुलना में 0.26 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में वर्ष–दर–वर्ष (वाई.ओ.वाई) आधार पर दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में 1.52 प्रतिशत वृद्धि दर दर्ज की गई। देश में 30 जून, 2018 को समग्र दूरसंचार घनत्व पिछले तिमाही की तरह ही 90.11 रहा।

देश में टेलीफोन उपभोक्ताओं की संख्या तथा दूरसंचार घनत्व का रूझान



2. मार्च, 2019 के अंत तक शहरी क्षेत्रों में दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या 669.16 मिलियन से बढ़कर जून, 2019 के अंत में 675.58 मिलियन हो गया, तथा इसी अवधि के दौरान शहरी दूरसंचार घनत्व भी 159.96 से बढ़कर 160.78 हो गया। इस तिमाही के दौरान ग्रामीण दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या 514.35 मिलियन से घटकर 511.05 मिलियन हो गया, तथा ग्रामीण दूरसंचार घनत्व भी 57.47 से घटकर 56.99 हो गया।

3. कुल दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या में से, ग्रामीण उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी मार्च, 2019 के अंत तक 43.46 प्रतिशत से घटकर जून, 2019 के अंत तक 43.07 प्रतिशत हो गई।

दूरसंचार उपभोक्ताओं की संख्या का वितरण



4. इस तिमाही के दौरान 3.65 मिलियन वॉयरलेस उपभोक्ताओं की संख्याओं में निबल वृद्धि के साथ ही मार्च, 2019 के अंत तक कुल वॉयरलेस (जीएसएम एलटीई सहित+सीडीएमए) उपभोक्ताओं की संख्या 1,161.81 मिलियन से बढ़कर जून, 2019 के अंत तक 1,165.46 मिलियन हो गया, जिसमें पिछली तिमाही की तुलना में 0.31 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई। इसी दौरान वार्षिक आधार पर वॉयरलेस उपभोक्ताओं की संख्या में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गयी।

5. वायरलेस दूरसंचार घनत्व 0.05 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि के साथ मार्च, 2019 के अंत में 88.46 से बढ़कर जून, 2019 के अंत में 88.50 हो गया।

6. वॉयरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2018 के अंत में 21.70 मिलियन से और घटकर जून, 2019 के अंत में 21.17 मिलियन रह गया जिसमें 2.43 प्रतिशत की तिमाही ह्रास दर दर्ज की गई। जून, 2019 को समाप्त तिमाही अवधि के लिए वॉयरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या में वर्ष–दर–वर्ष (वाई.ओ.वाई.) 5.47 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

7. वॉयरलाइन दूरसंचार घनत्व 2.69 प्रतिशत की तिमाही ह्रास दर से मार्च, 2019 के अंत में 1.65 से घटकर जून, 2019 के अंत में 1.61 रह गया।

8. इंटरनेट उपभोक्ताओं की कुल संख्या मार्च, 2019 के अंत में 636.73 मिलियन से बढ़कर जून, 2019 के अंत में 665.31 मिलियन हो गई जिसमें 4.49 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई।

कुल 665.31 मिलियन इंटरनेट उपभाक्ताओं में से वायरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 21.67 मिलियन तथा वायरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 643.64 मिलियन है।

इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या का वितरण



10. ब्रॉडबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2018 के अंत में 563.31 मिलियन से बढ़कर जून, 2019 के अंत में 594.58 मिलियन हो गई जिसमें 5.55 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर दर्ज की गई।

11. नैरोबैंड इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या मार्च, 2019 के अंत में 73.42 मिलियन से घटकर जून, 2019 के अंत में 70.72 मिलियन रही जिसमें 3.67 प्रतिशत की तिमाही ह्रास दर दर्ज की गई।

12. वारयलेस दूरसंचार सेवा के लिए प्रति उपभोक्ता मासिक औसत राजस्व (एआरपीयू) 4.06 प्रतिशत तिमाही वृद्धि दर के साथ मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के 71.39 रुपए से बढ़कर जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 74.30 रुपए हो गया। इसी तिमाही में वर्ष–दर–वर्ष आधार पर मासिक एआरपीयू में 7.43 प्रतिशत की दर से वृद्धि हो गया।

13. वायरलेस सेवा के लिए प्रतिमाह प्रीपेड एआरपीयू मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही में 63 रुपए से बढ़कर 66 रुपए हो गया जबकि प्रतिमाह पोस्ट–पेड एआरपीयू 261 रुपए से घटकर 253 रुपए हो गया।

14. अखिल भारतीय औसत आधार पर जीएसएम सेवा के लिए समग्र उपयोग की गई मिनट (एमओयू) प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए 692 मिनट से बढ़कर जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए 701 मिनट हो गया।

15. वायरलेस प्रीपेड सेवा के लिए मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही में एमओयू प्रति उपभोक्ता 694 मिनट से बढ़कर जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 705 मिनट हो गया। जबकि पोस्ट–पेड एमओयू प्रति उपभोक्ता मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही में 641 मिनट से घटकर जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 626 मिनट हो गया।

16. जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए दूरसंरचार सेवा क्षेत्र हेतु सकल राजस्व (जीआर) तथा समयोजित सकल राजस्व (एजीआर) क्रमशः 61,535 करोड़ रुपए तथा 39,124 करोड़ रुपए रहा। जून, 2019 को समाप्त तिमाही में पिछली तिमाही के मुकाबले जीआर तथा एजीआर दोनों में क्रमशः 5.34 प्रतिशत तथा 8.88 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई।

17. पिछले वर्ष की इसी तिमाही में जीआर तथा एजीआर में वर्ष–दर–वर्ष (वाई.ओ.वाई.) वृद्धि दर क्रमशः 5.37 प्रतिशत तथा 7.03 प्रतिशत दर्ज की गई।

18. जून, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए पास–थ्रू–प्रभार पिछले तिमाही के 22,482 करोड़ रुपए से घटकर 22,411 करोड़ रुपए हो गया। पास–थ्रू–प्रभार में तिमाही तथा वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः –0.32 प्रतिशत तथा 2.57 प्रतिशत रही।

19. मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही के लिए लाइसेंस शुल्क 2,888 करोड़ रुपए से बढ़कर जून, 2019 में 3,133 करोड़ रुपए हो गया। इस तिमाही के दौरान लाइसेंस शुल्क में तिमाही तथा वार्षिक वृद्धि दर क्रमशः 8.48 तथा 6.95 प्रतिशत रही।

20. एक्सेस सेवाओं ने दूरसंचार सेवाओं के कुल समायोजित सकल राजस्व में 73.23 प्रतिशत का योगदान दिया। जून, 2019 को समाप्त तिमाही में एक्सेस सेवाओं में सकल राजस्व (जीआर), समायोजित सकल राजस्व (एजीआर), लाइसेंस शुल्क एवं स्पेक्ट्रम उपयोग प्रभार (एसयूसी) में क्रमशः 4.57 प्रतिशत, 9.79 प्रतिशत, 9.28 प्रतिशत एवं, 6.05 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई जबकि इसी दौरान पास–थ्रू प्रभारों में 4.05 प्रतिशत की ह्रास दर दर्ज की गई।

21. एजीआर आधारित एक्सेस सेवाओं के लिए प्रति उपभोक्ता मासिक औसत राजस्व (एआरपीयू) मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही में 72.49 रुपए से बढ़कर जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 80.66 रुपए हो गया।

समायोजित सकल राजस्व का वितरण



22. पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही के दौरान सेवा की गुणवत्ता के संदर्भ में वॉयरलैस सेवा प्रदाताओं का निष्पादन नीचे दिया गया है:–

सेवा गुणवत्ता में सुधार दर्शाने वाले मानदण्ड	सेवा गुणवत्ता में गिरावट दर्शाने वाले मानदण्ड
• टीसीएच, आरएबी एवं ई–आरएबी कंजेशन (प्रतिशत) • मीटरींग एवं बिलिंग – प्रीपेड • कॉल सेंटर/कस्टमर केयर तक पहुंच • 90 सेकण्ड के भीतर प्रचालक (वॉयस टू वॉयस) द्वारा उत्तर दी गई कॉलों का प्रतिशत • खाता बंद करने के पश्चात् निक्षेपों के प्रतिदाय में लिया गया समय	• शिकायतों के समाधान की तिथि से उपभोक्ता के खाते में राशि जमा/छूट दिए जाने/ समायोजन किये जाने की अवधि • 7 दिनों के भीतर सेवा को समाप्त/बंद किए जाने हेतु अनुरोधों का प्रतिशत

23. पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही के दौरान सेवा गुणवत्ता के संदर्भ में वॉयरलाइन सेवा प्रदाताओं का निष्पादन नीचे दिया गया है:

सेवा गुणवत्ता में गिरावट दर्शाने वाले मानदण्ड
• पांच दिनों के अंदर ठीक की गई खामियों का प्रतिशत (शहरी क्षेत्रों के लिए) • खामियां ठीक होने का औसत समय – एम टी टी आर • 90 सेकण्ड के भीतर प्रचालक (वॉयस टू वॉयस) द्वारा उत्तर दी गई कॉलों का प्रतिशत • 7 दिनों के भीतर सेवा को समाप्त/बंद किए जाने हेतु अनुरोधों का प्रतिशत

24 दिनांक 30.06.2019 की स्थिति के अनुसार सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) द्वारा केवल अपलिकिंग/ केवल डॉऊनलिकिंग/अपलिंकिंग एवं डाउनलिंकिंग दोनों के लिये 908 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनलों को अनुमति प्रदान की गई है।

25. नये टैरिफ आदेश (ब्रॉडकास्टिंग एवं केबल) दिनांक 3 मार्च, 2017 के तत्वाधान में प्रसारण सेवा प्रदाताओं के द्वारा प्राधिकरण में दिये गये रिपोर्ट के अनुसार, 30 जून, 2019 की स्थिति के अनुसार कुल 331 पे–टीवी चैनल थे। इन 331 पे–टीवी चैनलों में 233 एसडी पे–टीवी चैनल एवं 98 एचडी पे–टीवी चैनल शामिल है।

26. वर्ष 2003 में अस्तित्व में आने के समय से भारतीय डीटीएच सेवा में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। देश में पे–डीटीएच सेवा प्रदाताओं की संख्या मार्च, 2019 के अंत में 5 से घटकर जून, 2019 के अंत तक 4 रह गई।

27. देश में पे–डीटीएच के कुल औसत सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या 30 जून, 2019 को लगभग 54.26 मिलियन हो गया है। यह संख्या दूरदर्शन के निःशुल्क डीटीएच सेवा के उपभोक्तओं की संख्या के अलावा है।

28. ऑल इंडिया रेडियो–सार्वजनिक प्रसारक द्वारा प्रचालित रेडियो स्टेशनों के अलावा, दिनांक 31 मार्च, 2019 को 33 एफएम प्रसारकों के द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार 98 शहरों में कार्यरत 356 निजी एफएम रेडियो स्टेशनों की तुलना में दिनांक 30 जून, 2019 को 33 एफएम प्रसारकों के द्वारा उपलब्ध कराये गये आंकड़ों के अनुसार 104 शहरों में कुल 366 निजी एफएम रेडियो स्टेशन कार्य कर रहे थे।

29. प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, विज्ञापन से प्राप्त कुल आय 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही में 355 निजी एफएम रेडियो स्टेशन के लिए 623.96 रूपये की तुलना में 30 जून, 2019 को समाप्त तिमाही में 365 निजी एफएम रेडियो स्टेशन के लिए 526.13 रूपये रहा।

30. सूचना और प्रसारण मंत्रालय से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर 30 जून, 2019 को देश में कुल 261 सामुहिक रेडियो स्टेशन कार्यरत हैं।

मुख्य झलकियाँ

30 जून, 2019 की स्थिति के अनुसार डॉटा	
दूरसंचार उपभोक्ता (वॉयरलेस + वॉयरलाइन)	
कुल उपभोक्ताओं की संख्या	1,186.63 मिलियन
पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन	0.26 प्रतिशत
शहरी उपभोक्ताओं की संख्या	675.58 मिलियन
ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या	511.05 मिलियन
निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	88.75 प्रतिशत
सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	11.25 प्रतिशत
दूरसंचार घनत्व	90.11
शहरी दूरसंचार घनत्व	160.78
ग्रामीण दूरसंचार घनत्व	56.99
वॉयरलेस उपभोक्ता	
कुल वॉयरलेस उपभोक्ताओं की संख्या	1,165.46 मिलियन
पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन	0.31 प्रतिशत
शहरी उपभोक्ताओं की संख्या	657.27 मिलियन
ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या	508.19 मिलियन
निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	89.73 प्रतिशत
सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	10.27 प्रतिशत
दूरसंचार घनत्व	88.50
शहरी दूरसंचार घनत्व	156.42
ग्रामीण दूरसंचार घनत्व	56.68
तिमाही के दौरान वायरलेस डाटा यूसेज	17,940,576 टेराबाईट
पब्लिक मोबाईल रेडियो ट्रंक सेवा (पीएमआरटीएस) की कुल संख्या	58,905
वीसैट की कुल संख्या	2,94,590
वॉयरलाइन उपभोक्ता	
कुल वॉयरलाइन उपभोक्ताओं की संख्या	21.17 मिलियन
पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन	-2.43 प्रतिशत
शहरी उपभोक्ताओं की संख्या	18.31 मिलियन
ग्रामीण उपभोक्ताओं की संख्या	2.85 मिलियन
निजी प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	34.77 प्रतिशत
सार्वजनिक क्षेत्र के प्रचालकों की बाजार हिस्सेदारी	65.23 प्रतिशत
दूरसंचार घनत्व	1.61
शहरी दूरसंचार घनत्व	4.36
ग्रामीण दूरसंचार घनत्व	0.32
ग्रामीण पब्लिक टेलीफोन की संख्या (वीपीटी)	1,04,466
पब्लिक कॉल ऑफिसों की संख्या (पीसीओ)	2,28,371

दूरसंचार वित्तीय आंकडे	
तिमाही के दौरान सकल राजस्व (जीआर)	61,535 करोड़ रुपए
पिछली तिमाही की तुलना में जीआर में प्रतिशत परिवर्तन	5.34 प्रतिशत
तिमाही के दौरान समायोजित सकल राजस्व (एजीआर)	39,124 करोड़ रुपए
पिछली तिमाही की तुलना में एजीआर में प्रतिशत परिवर्तन	8.88 प्रतिशत
एक्सेस एजीआर में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों की हिस्सेदारी	10.49 प्रतिशत
एक्सेस सेवाओं हेतु प्रति उपभोक्ता मासिक औसत राजस्व (एआरपीयू)	80.65 रुपए
इंटरनेट/ब्रॉडबैंड उपभोक्ता	
कुल इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	665.31 मिलियन
पिछली तिमाही की तुलना में प्रतिशत में परिवर्तन	4.49 प्रतिशत
नैरोबैंड उपभोक्ताओं की संख्या	70.72 मिलियन
ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या	594.38 मिलियन
वॉयरलाईन इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	21.67 मिलियन
वॉयरलेस इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	643.64 मिलियन
शहरी इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	427.05 मिलियन
ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	238.26 मिलियन
प्रति 100 जनसंख्या पर कुल इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	50.52
प्रति 100 जनसंख्या पर कुल शहरी इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	101.63
प्रति 100 जनसंख्या पर कुल ग्रामीण इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या	26.57
प्रसारण और केबल सेवाएं	
केवल अपलिकिंग/केवल डॉऊनलिकिंग/अपलिंकिंग एवं डाउनलिंकिंग दोनों के लिये सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ पंजीकृत निजी उपग्रह टेलीविजन चैनलों की संख्या	908
प्रसारकों के द्वारा रिपोर्ट किये गये पे–टीवी चैनलों की संख्या	331
निजी एफएम रेडियो स्टेशनों की संख्या (आकाशवाणी के अलावा)	366
पे–डीटीएच सेवा प्रदाताओं के औसत सक्रिय उपभोक्ताओं की संख्या	54.36 मिलियन
चालू कम्यूनिटी रेडियो स्टेशनों की संख्या	261
पे–डीटीएच सेवा प्रदाताओं की संख्या	4
राजस्व और उपयोग मानदण्ड	
वायरलेस सेवा हेतु प्रति उपभोक्ता औसत मासिक आय (एआरपीयू) (जीएसएम, एलटीई सहित)	74.30 रुपए
वायरलेस सेवा के लिए प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह उपयोग मिनट (एमओयू) (जीएसएम, एलटीई सहित)	701 मिनट
इंटरनेट टेलीफोनी हेतु कुल बहिर्गामी (ऑऊटगोईंग) उपयोग मिनट	198.34 मिलियन
मोबाइल उपभोक्ताओं के द्वारा डॉटा उपयोग	
वायरलेस सेवा हेतु प्रति उपभोक्ता प्रतिमाह डॉटा उपयोग	9.77 जीबी
वायरलेस सेवा के लिए प्रति जीबी डाटा का ग्राहक के लिए औसत मूल्य	7.70 रुपए